कोरोना वॉरियर बनाने के लिए आरएसएलडीसी कराएगा निःशुल्क ऑनलाइन कोर्सेज

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
M-01-05-2020-06.docx (http://103.203.138.54/news/206277/document/M-01-05-2020-06.docx)

DESCRIPTION

कोरोना वॉरियर बनाने के लिए आरएसएलडीसी कराएगा निःशुल्क ऑनलाइन कोर्सेज

जयपुर, 1 मई। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार कोरोना वॉरियर तैयार करने के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोर्सेज कराएगा।

निगम के चेयरमैन श्री नीरज के पवन ने बताया कि आरएसएलडीसी इस समय कोविड सेनानी बनाने के लिए अपनी वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन ट्रेनिंग उपलब्ध करा रहा है। विभाग की वेबसाइट IGOT& Online Training for Covid_19 Warrior Link पर क्लिक करके इससे जुड़े कोर्सेज को कर सकते हैं। इस पर क्लिक करते ही दीक्षा के प्लेटफॉर्म पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोविड ट्रेनिंग को कोई भी आम नागरिक कर सकता है। इसके लिए डॉक्टर, हैल्थकेयर वर्कर या पुलिसकर्मी होना जरूरी नहीं है।

श्री नीरज के पवन ने बताया कि जब आरएसएलडीसी की वेबसाइट के इस लिंक पर क्लिक करेंगे तो यहां एक खास फॉर्म भरना होगा। इसके बाद कोर्सेज की लिस्ट में से किसी एक को चुनना होगा। इस लिंक पर क्वारंटाइन एवं आइसोलेशन, बेसिक ऑफ कोविड-19, लेबोरेटरी सैम्पल कलेक्शन एंड टेस्टिंग, साइकोलॉजी केयर ऑफ कोविड पेशेंट, आईसीयू केयर एंड वेंटिलेशन मैनेजमेंट, कोविड-19 ट्रेनिंग फॉर एनसीसी कैडेट्स, इंफेक्शन, प्रिवेंशन एंड कंट्रोल, पीपीई के जरिए इंफेक्शन और प्रिवेंशन, क्लिनिकल मैनेजमेंट कोविड-19, मैनेजमेंट ऑफ कोविड-19 केसेज आदि कोर्सेज कर सकते हैं। यह ऑनलाइन कोर्सेज करने के बाद हाथों-हाथ सर्टिफिकेट भी मिल जाएगा। इसमें खास बात यह है कि इन कोर्सेज को निःशुल्क कर सकते हैं। इनके लिए किसी भी तरह की फीस नहीं देनी होगी।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **3/5/2020**

You are visitor No.:

001803326

Website Policies (/content/dipr/en/websitepolicies.html) | Disclaimer (/content/dipr/en/disclaimer.html) |

Accessibility (/content/dipr/en/accessibility.html) | Sitemap (/content/dipr/en/sitemap.html)

Nodal Officer: **Sh. Arun Kumar Joshi**

Designation : Joint Director(News)

Mobile Number : 9610409010

Email: dpr-comp-rj@nic.in

This website belongs to Information and Public Relations Department

We're on social networks

(https:// ... UC2oIZW3EmG59rjejhn

(https://validator.w3.org/) (https://jigsaw.w3.org/css-validator/check/referer)